हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 3 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18. 0 डिग्री

मौसम के अनुरूप नई फसलों को अपनाएं किसान

4



# परलोकवासी का पंजीयन, दूसरी बार मरने पर मिली 1 लाख की सहायता राशि!

## मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना में फर्जीवाड़ा उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां डेढ़ साल पहले मृत महिला के नाम से ना केवल श्रमिक पंजीयन किया गया, बल्कि कागजों में दूसरी बार उसकी मृत्यु दर्शाकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए और इसी आधार पर 1 लाख रुपए की सहायतार्थ राशि प्राप्त कर ली गई। इस पूरे मामले को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष ने उजागर किया है और मय दस्तावेज कलेक्टर से इसकी शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने कलेक्टर के नाम दिए गए लिखित शिकायत में बताया है कि जिले के बम्हनीडीह ब्लाक बिर्रा निवासी सुमन बाई पटेल पति अशोक पटेल के नाम पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में फर्जी पंजीयन कराकर मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का अनुचित लाभ लिया गया है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया है कि सुमन बाई पटेल निवासी ग्राम बिर्रा की मृत्यु 27 नवंबर 2024 को हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक में 4 दिसंबर को पंजीयन के लिए आवेदन किया गया। इस आवेदन पर 9 दिसंबर को उसका पंजीयन हुआ। जिसका क्रमांक 541849619 जारी किया गया। बात यही तक नहीं रूकी, इसके लगभग डेढ साल बाद 2 जून 2025 को सुमन बाई पटेल की मृत्यु बताकर मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किया गया। इसी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना का लाभ लेने आवेदन किया गया। इस आवेदन को श्रम विभाग के अफसरों ने प्रमाणित किया और इसके बाद योजना अंतर्गत 1 लाख रुपए की सहायतार्थ राशि 17 जुलाई 2025 को स्वीकृत की गई। यह राशि महिला के वारिस के बैंक खाते में जमा की गई। शिकायतकर्ता जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री जयपुरिया ने महिला सुमन पटेल के 27 नवंबर 2024 के मितानिन पंजी एवं शोक पत्र में दर्ज तिथि को भी उल्लेखित किया है। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे से करते हुए इस मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### खास बातें

- बम्हनीडीह ब्लाक के बिर्रा का मामला
- मृत्यु के सप्ताह भर बाद महिला श्रमिक के नाम जमा हुआ आवेदन
- सप्ताह भर में मिला पंजीयन
- डेढ़ साल बाद बना मृत्यु प्रमाण पत्र, फिर मिली 1 लाख की सहायतार्थ राशि




### कराएंगे जांच

मामले की शिकायत मिली है। जानकारी ली जाएगी। कलेक्टर के निर्देशन में पूरे मामले की जांच कराई जाएगी, जो भी तथ्य होंगे जांच में सामने आएंगे। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

- समीर मिश्रा
श्रम पदाधिकारी, जांजगीर चांपा

### खबर संक्षेप

#### कुरदा वितरक नहर में आज से पहुंचेगा पानी

**मालखरौदा।** जिले में 2 मार्च से नहर के माध्यम से तालाब, नदी ,एनीकेट ,नाला भरने के लिए पानी देने का निर्णय लिया गया। ऐसे में ब्लॉक के कुरदा वितरक नहर में 3 मार्च को पानी पहुंचाने की संभावना है फलस्वरूप क्षेत्र के सरपंच सचिव जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को इन 10 दिनों में तालाब नदी नाला तथा स्टाप डेम भर जाए ताकि गर्मी के समय किसी प्रकार की निस्तारी की समस्या ना हो बोर में वाटर लेवल रिचार्ज हो जाए इसके लिए जिला प्रशासन को समन्वय बनाकर कार्य करने की जरूरत है ताकि पानी का सदुपयोग हो और पानी बहकर महानदी में ना जा पाए क्योंकि बड़े पैमाने पर लोग धान की खेती किए हुए हैं और सिंचाई करने के लिए नहर को बांधकर के खेतों की सिंचाई करते हैं इस पर रोक लगाई जाने की जरूरत है। खासकर बोराई नदी में जितने भी एनीकेट बने हैं सभी सूख चुके हैं या फिर रेत माफिया हर साल रेत निकालने के लिए गेट को खोल कर सुखा देते हैं।

#### जन भागीदारी से 1 मार्च से विशेष जल संरक्षण महाभियान प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 1 मार्च से विशेष जल संरक्षण महाभियान की शुरुआत कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में की गई है, जिसके तहत "हर घर सोक पिट" वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य वर्षा जल के संचयन को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में सुधार लाना तथा जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देना है। इसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में जागरूकता के साथ जल संचय संबंधी कार्य किये जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में जनजागरूकता के साथ गांव गांव में बैठक आयोजित करते हुए जल संचय का कार्य किया जा रहा है। जनभागीदारी से ही जल संरक्षण का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में सभी जनपद पंचायत अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

#### होली पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन कल

**अकलतरा।** नगर की सामाजिक संस्था पहल द्वारा होली पर्व के अवसर पर नगर के शास्त्री चौक में 4 मार्च को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में देश के ख्याति प्राप्त कवि शशिकांत यादव, मीर अली मीर, मयंक शर्मा, सोम प्रभा नूर, भरत द्विवेदी, बंशीधर मिश्रा एवं राजेश उर्मिल द्वारा हास्य व्यंग्य कविता की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन स्थल पर महिलाओं के बैठने के लिए विशेष इंतजाम करने के साथ सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से हास्य कवि सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

#### चन्द्रग्रहण के कारण मंगलवार को 9 बजे से मंदिर का पट रहेगा बंद

**जांजगीर-चांपा।** रंगों का त्योहार 4 मार्च को चैत्र प्रतिप्रदा को मनाया जाएगा । दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि 3 मार्च को होलिका दहन मुर्हूत भद्रा के पुछ में 7 बजे से 9 बजे के मध्य या रात को 1 बजकर 26 मिनट से 2 बजकर 36 मिनट में होलिका दहन किया जा सकता है। 3 मार्च को चन्द्र ग्रहण भी है जो भारत में शाम 6 बजकर 7 मिनट से 6 बजकर 47 मिनट तक दृश्य रहेगा। खग्रास चन्द्र ग्रहण के कारण मंदिर का पट मंगलवार 3 मार्च को सुबह 9 बजे बंद कर दिया जाएगा। शाम 7 बजे ग्रहण समाप्ति के बाद हनुमान को गंगाजल से स्नान कराकर सेन्दुराभिषेक किया जाएगा। इसके बाद आरती व सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा।

## संवेदनशील इलाकों में हाईटेक तरीके से ड्रोन कैमरे से होगी निगरानी

# होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

होली में हुड़दंग रोकने और शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन ने कमर ली है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर इस बार ड्रोन से हाईटेक तरीके से विशेष निगरानी की जाएगी। जापानी तकनीक वाले 3 ड्रोन से संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी।

रंगों के पर्व होली की खुमारी अब छाने लगी है। मंगलवार 3 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। वहीं कुछ स्थानों पर 2 मार्च को भी होलिका दहन किया गया। बुधवार 4 मार्च को रंग ग़ुलाल लकाकर होली खेली जाएगी। होली की खुमारी में कई जगह पर अप्रिय स्थिति भी निर्मित हो जाती है। होली में हुडदंग रोकने पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। होली पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिले में ड्रोन तकनीक के माध्यम से विशेष निगरानी की जाएगी।हाईटेक तरीके से जापानी तकनीक वाले 3 ड्रोन से संवेदनशील क्षेत्र में नजर रखी जाएगी। त्योहार के दौरान शांति एवं कानून- व्यवस्था बनाए रखने हेतु संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर लगातार नजर रखी जाएगी। ड्रोन के माध्यम से प्रमुख चौक-चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी।भीड़भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। संकीर्ण गलियों एवं ऐसे क्षेत्रों में निगरानी की जाएगी जहां पुलिस बल का सीधे पहुंच पाना कठिन होता है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने भी हवाई मॉनिटरिंग की जाएगी।पुलिस द्वारा जिले में 3 अलग-अलग स्थानों से ड्रोन उड़ाकर सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ड्रोन कैमरे से निगरानी कर हुड़दंग करने वालों पे नजर रखेगी और तुरंत मौके पर पहुंच कर कार्रवाई करेगी।



मुखौटा जब्त करने की कार्रवाई पुलिस के अफसर।

### डरावना मुखौटा कर रहे जब्त

होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के विशेष अभियान चलाकर डरावने मुखौटे जब्त किए जा रहे हैं। होली त्यौहारों में कुछ असामाजिक तत्व मुखौटों का उपयोग कर पहचान छिपाकर हुड़दंग, मारपीट या अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए एहतियातन कार्रवाई की जा रही है। जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक में लगी दुकानों में जांच कर पुलिस टीम ने डरावने मुखौटे जब्त किए। इसी तरह बलौदा पुलिस ने क्षेत्र की विभिन्न दुकानों की जांच कर लगभग 300 नग डरावने एवं भ्रामक मुखौटे जब्त किए। व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि होली पर्व के दौरान डरावने, आपत्तिजनक या कानून- व्यवस्था प्रभावित करने वाले मुखौटे एवं सामान की बिक्री न करें। साथ ही आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### सभी थाना में चीता स्क्वायड की तैनाती, रहेगी पैनी नजर

*होली पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की है। जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत लगातार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों पर नजर रखी जाएगी। बाइक पेट्रोलिंग पार्टी गांव व शहर की सकरी गलियों तक भ्रमण करेगी। जिले के सभी थाना व चौकियों में चीता स्क्वायड टीम बनाया गया है, जिसके द्वारा हुड़दंग करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके आलावा डीजे बाजा बजाने वालों, दोपहिया वाहन में तीन सवारी, मुखौटा लगाकर व शराब पीकर वाहन चलाने और शांति भंग करने वालो पर होगी कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में अलग अलग टीम गठित कर, पेट्रोलिंग, फिक्स पॉइंट चिन्हांकित कर ड्यूटी लगाई गई है।*

# अंतर की राशि आते ही सहकारी बैंकों में टूट पड़ी किसानों की भीड़

## भुगतान पाने सुबह से देर शाम तक मशक्कत



जिला सहकारी बैंक जांजगीर में लगी किसानों की लंबी कतार।

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी की अंतर की राशि किसानों के खाते में जमा करने के बाद जिला सहकारी बैंकों में किसानों की भीड़ टूट पडी। खास करके होली त्यौहार को देखते हुए किसान बड़ी संख्या में राशि आहरण करने जिला सहकारी बैंकों में पहुंचे, लेकिन यहां कैश की किल्लत के चलते उन्हें भारी परेशानी हुई। सुबह से शाम हो गई, और अधिकांश लोगों को बैरंग लौटना पड़ा।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी की अंतर की राशि होली त्यौहार के पहले ही किसानों के खाते में डाल दी गई है। इसको लेकर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित भी हुए, जहां मुख्यमंत्री ने किसानों से सीधे संवाद भी किया और उन्हें अंतर की राशि किसानों के खाते में एकमुश्त जारी होने की जानकारी भी दी। इधर खाते में राशि जमा होने की सूचना मोबाइल पर भी मिली। इसके बाद जिला सहकारी बैंकों में किसानों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। रविवार अवकाश होने के कारण सोमवार 2 मार्च को बैंक खुलने के पहले से ही किसान बैंकों में पहुंचने लगे। जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ सुबह से शाम तक लगी रही। इस दौरान कैश की किल्लत बताकर किसानों को 25 हजार रुपए के लिमिट में भुगतान किया गया तो वहीं इस राशि को भी पाने के लिए किसान देर शाम तक मशक्कत करते रहे। कमोबेस यही स्थिति नवागढ़, शिवरीनारायण, अकलतरा, पामगढ़, चांपा, बलौदा, बम्हनीडीह बैंकों में भी रही।

## आरओबी निर्माण व ट्रेनों के ठहराव को लेकर 6 को नगर बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन पर प्रस्तावित रेल ओव्हरब्रिज निर्माण, स्टेशन में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार तथा प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांगों को लेकर 5 मार्च को रात 10 बजे से परशुराम चौक नैला में चक्का जाम किया जाएगा। वहीं 6 मार्च को नगर बंद की घोषणा की गई है।

इस संबंध में कलेक्टर जिला जांजगीर-चांपा को पत्र सौंपकर प्रशासन को औपचारिक सूचना दी गई है। इस आंदोलन को स्थानीय व्यापारिक संगठनों जैसे छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, गल्ला किराना व्यापारी संघ, जिला चावल उद्योग संघ, कपड़ा व्यापारी संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि पूर्व में इन मांगों को लेकर जन आंदोलन किया गया था। तब रेल प्रशासन और जिला प्रशासन के साथ हुई वार्ता में सहमती बनी थी कि छः माह के भीतर रेल ओव्हरब्रिज निर्माण प्रारंभ किया जाएगा तथा जांजगीर-नैला स्टेशन पर गोंडवाना एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा मिशन अस्पताल समपार के पास अंडरब्रिज निर्माण और जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का भी आश्वासन दिया गया था। अब तक किसी भी वादे पर ठोस प्रगति नही हुई है। जिससे स्थानीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है। पत्र में कहा गया है कि सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया है। आंदोलन की सूचना की प्रतिलिपि मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, ए.डी.ई.एन. द.पू.म.रेलवे चांपा, स्टेशन प्रबंधक जांजगीर-नैला, तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर को भी प्रेषित की गई है।

## होली पर्व को लेकर चौक चौराहों में चलाया जा रहा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

होली त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से बम्हनीडीह पुलिस ने क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान शुरू किया है। मुख्य चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखते हुए ड्रिंक एंड ड्राइव, नाबालिग वाहन चालकों और गाड़ियों के दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या अव्यवस्था को रोकने और आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जार रहा है। होली के दौरान बढ़ती आवाजाही और उत्साह को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने पहले से ही रणनीति तैयार की है । इससे यातायात व्यवस्था सुचारू बनी हुई है और लोगों में नियमों के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है। त्योहार के समय शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को रोकने के लिए संदिग्ध वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई, जिससे अन्य लोगों को भी सतर्क रहने का संदेश मिला है । थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह का कहना है कि पुलिस द्वारा नाबालिगों के वाहन चलाने पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अभिभावकों को भी समझाइश दी जा रही है कि वे अपने बच्चों को वाहन न सौंपें इस पहल से दुर्घटनाओं की आशंका कम हुई है और जिम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा मिला है।



वाहनों की जांच करती पुलिस टीम।


## पर्यावरण प्रेमियों ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की रखी मांग

# लच्छीबंध तालाब में स्थगन आदेश के बाद भी अतिक्रमण जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

तहसीलदार न्यायालय के स्थगन के बाद भी लच्छीबंध तालाब को पाटकर निर्माण किया जाना बदस्तूर जारी है। प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराते हुए आदेश का उल्लघंन करने वालों पर कार्यवाही की मांग की गई है।

लच्छीबंध तालाब को बचाने का संघर्ष को डेढ़ दशक से भी ज्यादा हो रहा है। करीब 17 वर्ष पूर्व लच्छीबंध तालाब घाट में बने हाते की कुछ दीवाल को तोड़े जाने के बाद राखड़ डालकर तालाब को पाटने की खबर से लोग आंदोलित हो उठे थे। धरना प्रदर्शन के बीच तत्कालीन तहसील न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिये जाने व तत्कालिक एसडीएम व तहसीलदार द्वारा प्रशासन की ओर आंदोलनकारियों को आश्वासन दिये जाने के बाद आंदोलन वापस लिया गया था। तब से आज तक पर्यावरण प्रेमियों द्वारा तालाब को बचाने संघर्ष बदस्तूर जारी है। उस समय तालाब पुलिस थाने के सामने वाली मुख्य सड़क से लगा हुआ था। तालाब के एक ओर शहीद राजकरण दुग्गड उद्यान व सड़क दुसरी ओर तालाब के हाते बने हुए तालाब के घाट थे। तालाब व सड़क के बीच किसी प्रकार का कोई व्यवसायिक प्रतिष्ठान या मकान , दुकानें नहीं थी। बाद में लोगो द्वारा फुटपाती दुकान लगाने, फिर धीरे से घेरा बंदी करने, फिर पीछे से तालाब को पाट कर काप्लेक्स भवन बना लेने का षड्यंत्र चलता रहा। समय समय पर प्रशासन का ध्यान आकर्षण करते हुए शिकायत होता रहा है। अब पुनः पर्यावरण प्रेमी रविन्द्र कुमार मासुलकर द्वारा लिखित शिकायत की गई। जिस पर तहसीलदार चांपा द्वारा पुलिस को आदेश जारी कर उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। उच्च अधिकारी व निम्न अधिकारी के बीच निर्देश पर निर्देश दिया जा रहा है लेकिन धरातल पर कुछ होता दिखाई नहीं दे रहा है। तालाब को बचाने की मुहिम मे पूर्व से जुड़े गिरधारी यादव व साथियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम चांपा द्वारा सीएमओ चांपा को फोन लगाकर तालाब पर अवैध निर्माण कार्य पर संबंधित दुकान निर्माण कर्ताओं को नोटिस जारी करने के लिए कहा गया है। इसी कड़ी में तहसीलदार द्वारा पुलिस को निर्देश दिया गया है। तहसीलदार द्वारा पुलिस को निर्देश दिया गया है।



अतिक्रमण कर किया जा रहा निर्माण कार्य।

## शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

शराब पीने के लिए रुपए की मांग करते हुए मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत गंगाजल का है।

इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गंगाजल निवासी चंद्रिका प्रसाद आजाद निवासी गंगाजल ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गांव का सुरेश यादव द्वारा 22 फरवरी की सुबह 10 बजे इसके घर के पास गया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा था, और शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर रहा था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 66/26 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था । पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के द्वारा प्रकरण के आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देशन पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर श्री विजय कुमार पैकरा के कुशल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक कमलेश शेंडे के नेतृत्व कार्यवाही करते हुवे आरोपी को पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### पानी के लिए तरस रहे महाविद्यालय के छात्र : राठौर

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार स्थित शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय छात्र छात्राएं बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है कि कॉलेज में छात्रों के लिए पीने के ठंडे पानी तथा अध्ययन कक्षों में एसी की व्यवस्था कराने की मांग की है। राठौर ने बताया कि महाविद्यालय में लगभग 1800 नियमित छात्र छात्राएं अध्ययनरत है मगर एक बूंद पीने का पानी नहीं है जिसके कारण विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों को मजबूरी में घर से पानी की बोतल लेकर कॉलेज आना पड़ रहा है। उन्होंने कहा भी कहा कि गर्मी चालू होने के बावजूद कक्षा में बैठना मुश्किल है मगर अभी तो ग्रीष्मकाल पूरा बचा है और उसी में परीक्षा है मनमोहन ने प्रशासन से निवेदन करते हुए कहा कि अध्ययन कक्षों में गर्मी से राहत के लिए एसी या अन्य शीतलन व्यवस्था की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण मिल सके। एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर लगातार जमीनी स्तर पर छात्रों के हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हुए कॉलेज की वास्तविक समस्याओं से शासन-प्रशासन को अवगत कराने और छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत हैं।

### गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जिला स्तर पर पेयजल नियंत्रण प्रकोष्ठ (कंट्रोल रूम) का गठन किया है। यह प्रकोष्ठ 30 जून तक सक्रिय रहेगा और सुबह 9 बजे से रात 7 बजे तक कार्य करेगा। जिला स्तर पर पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए मानचित्रकार पी.एल. गढ़ेवाल मोबाइल 6265881469 को प्रभारी और एस.एस. कोर्राम मोबाइल 9993321894 को सहायक नियुक्त किया गया है। कोरबा उपखंड : प्रभारी अधिकारी सत्यनारायण सिंह कवंर, कोरबा एवं करतला : प्रभारी अधिकारी विरेन्द्र कुमार सिंह, कटघोरा उपखंड : प्रभारी अधिकारी डी.आर. बंजारे, कटघोरा एवं पोड़ी उपरोड़ा : प्रभारी अधिकारी अभिषेक विश्वकर्मा, पाली विकासखंड : प्रभारी अधिकारी श्रीमती डी. मिश्रा को नियुक्त किया गया है।

### हाथियों ने सब्जी की फसल को रौंदा

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के कुमुरा रेंज में दंतैल हाथी रात के समय धरमजयगढ़ वन मंडल से बैगामार पहुंच गया। यहां दो किसानों की सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचाया है। इधर कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में घूम रहे तीन हाथी शनिवार रात फुलसर नाला पहुंच गए। गांव में न घुसे इसके लिए पटाखे फोड़ते रहे। कोरबा वन मंडल में अभी दंतैल हाथी ही अधिक नुकसान पहुंचा रहा है। कभी भी वह धरमजयगढ़ वन मंडल लौटने के बाद फिर से वापस आ जाता है। इसकी वजह से वन विभाग की टीम को सीमा क्षेत्र में निगरानी रखने कहा गया है। दंतैल इसके पहले चचिया के आसपास घूम रहा था। इस वजह से फिर से जाने की संभावना है।

### होली पर किया हुड़दंग तो होगी कड़ी कार्रवाई : डडसेना

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार थाना परिसर में रविवार को होली पर्व व रमजान माह के मद्देनजर हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डडसेना ने शांतिपूर्ण, भाईचारा और सौहार्दपूर्वक रंगों का त्यौहार होली मानने और हुंडदंगीयों, शराब पी कर जबरदस्ती रंग गुलाल लगाने वालों, लडाई झगड़ा करने वालों, अवैध शराब बिक्री करने वालों पर पुलिस की होगी कार्यवाही। वही चार पेट्रोलियम पार्टी क्षेत्र में रखेगी निगरानी। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को भी विशेष ध्यान रखने और सूचना देने की बात कही इस दौरान लोकेश्वर कंवर सरपंच, चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन, छोटे लाल पटेल, अनिल टंडन, अरुण राठौर, बाबूराम राठौर,रामू जायसवाल,विजय जायसवाल, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज ध्रुवा, सराई सिंगार सोनसाय भैना, रेंकी सरपंच तीजराम उर्रे आदि थे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी परिवार में मना सम्मान समारोह

**कटघोरा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा कटघोरा द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसरपर समारोह एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद कटघोरा के अध्यक्ष राज जायसवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा मानवता, प्रेम और शांति का जो संदेश दिया जा रहा है, वह आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक और प्रेरणादायी है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान भी किया गया। यह सम्मान समारोह उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बना। इस अवसर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

# अपनी वैज्ञानिक सोच को छात्र-छात्राओं ने दिखाया मॉडल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय साडा में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा कोरबा से संकुल प्राचार्य रणधीर सिंह ने विज्ञान चलित मॉडल प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना का विकास करना है।इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रेरित होते हैं।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित कार्यशील वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए, कक्षा आठवीं के बच्चों ने लेजर सुरक्षा प्रणाली, दुर्घटना सुरक्षा मॉडल, प्रकाश के अपवर्तन के सिद्धांत, बॉटल रॉकेट प्रदर्शित किए। कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा वर्षा जल संरक्षण, वर्षा अलर्ट सिस्टम, न्यूटन डिस्क,कार्बन शुद्धिकरण यंत्र, खेतों में जानवरों से सुरक्षा सिस्टम, गणितीय ज्यामितीय आकारों के मॉडल, प्रोजेक्टर मशीन का वर्किंग मॉडल, होलोग्राम वर्किंग मॉडल का निर्माण किया। कक्षा छठवीं की बालिकाओं द्वारा हाइड्रोलिक क्रेन मॉडल, जल शुद्धिकरण मॉडल, दिन और रात का वर्किंग मॉडल, जल चक्र का चलित मॉडल, वर्षा जल संरक्षण चलित मॉडल बनाया गया जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार बारिश का पानी संग्रहित कर भविष्य में उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने प्रत्येक मॉडल के पीछे वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया। विद्यालय के प्रधान पाठक बी एल देवांगन ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का महत्व समझाया। विद्यालय की व्याख्याता उर्मिला राठौर ने बताया कि 28 फरवरी 1928 को सीवी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी, इस महान खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया उनके इसी गौरवशाली योगदान को याद करने के लिए भारत सरकार ने 1986 में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने की घोषणा की जिसका उद्देश्य युवाओं में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना है।

**शासकीय कन्या मिडिल स्कूल में आयोजित हुई विज्ञान प्रदर्शनी**




## दो नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# शहर के दुकानों में चोरी करने के बाद आरोपियों ने दिल्ली और मनाली में जमकर उड़ाए गुलछर्रे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के चार अलग अलग दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में दो नाबालिक सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने चोरी करने के बाद हिल स्टेशन व देश की राजधानी जा पहुंचे थे जहां आरोपियों ने चोरी के पैसे से जमकर गुलछर्रे उड़ाए हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

**खास बात**
- सीएसईबी चौकी व मानिकपुर चौकी क्षेत्र के पांच स्थानों में वारदात को दिया था अजाम

सिविल लाईन थाना की सीएसईबी चौकी ने शातिर चोरों को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 14 हजार नगदी और कुछ सामान मिला है। आरोपियों ने चोरी की बड़ी रकम का उपयोग मौज मस्ती और अपने शौक पूरा करने में किया। मुड़ापार क्षेत्र के अटल आवास में रहने वाला राजूदास महंत ने अपने दो नाबालिग साथियों के साथ मिलकर पिछले दिनों टीपी नगर की दुकानों को निशाना बनाया था। चार अलग अलग स्थानों में ताला तोडक़र चोरी की गई। मौके से उनके हाथ हजारों रूपए लगे। इसके अलावा कुछ सामान मौके से पार कर दिया गया था। गिरोह के सदस्यों ने बिना किसी चिंता के टूर प्लान किया और देश के हिल स्टेशन कुल्लू मनाली व दिल्ली की शानदार यात्रा की। सैर सपाटे के साथ ब्रांडेड कपड़े से लेकर होटलिंग पर हजारों रूपए खर्च कर दिए गए। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने बताया कि पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट दर्ज करने के साथ खोजबीन की जा रही थी। इस बीच कुछ इनपुट मिले, जिन पर काम किया गया। लोकेशन मिलने पर हाल में ही आरोपियों को दबोच लिया गया। राजू दास के दो साथी नाबालिग बताये गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों से 14 हजार नगद और एक बाइक मिला है। शुरूआती पूछताछ में आरोपियों ने दुकानों में चोरी की गई अधिकांश रकम को खरीदी से लेकर अपने शौक में उड़ाने की बात कही। पुलिस ने मुख्य आरोपी को जेल भेजने और दो नाबालिग को संप्रेक्षण गृह में भेजने की तैयारी की है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# कोयला से भरा ट्रेलर बायपास मार्ग पर पलटा, आवागमन रहा बाधित


दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार को देर रात लगभग 10 बजे एक बड़ा सडक़ हादसा हो गया। कटघोरा-बिलासपुर बायपास मार्ग पर कोयला से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। हादसे के बाद सडक़ के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों तक ठप रहा।

पुलिस के अनुसार, घटना कटघोरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत हुंकरा के आश्रित ग्राम मुड़ाभांटा बायपास मार्ग पर हुई। ट्रेलर भैयाथान (सूरजपुर) से रायगढ़ की ओर कोयला लेकर जा रहा था। इसी दौरान चालक का नियंत्रण बिगडऩे से वाहन सडक़ पर पलट गया। हादसे में चालक और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना के बाद पास के गांव मुड़ाभाटा के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। ट्रेलर से गिरे कोयले को उठाने के लिए लोगों में होड़ मच गई। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवगमन को बहाल कराया गया।

# उद्योग मंत्री के नेतृत्व में प्रगति पथ पर कोरबा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के सशक्त नेतृत्व में प्रगति पथ पर अग्रसर कोरबा नगर के विकास हेतु अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से 15 विकास कार्यों हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है।


लखनलाल।

**खास बात**
- 15 विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ की मिली स्वीकृति

नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों की मूलभूत विकास कार्यों को तेजी से कराने हेतु विगत दो वर्षों में अलग अलग मद से स्वीकृति मिली है, शनिवार को 15 नवीन कार्यों की भी प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई। श्री देवांगन ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर है। सभी वार्डों का एक समान तेजी से विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

जिन कार्यों की मिली स्वीकृति है उनमें वार्ड क्रमांक 24 बुधवारी में 15 लाख की लागत से सीसी रोड, वार्ड क्रमांक 17 ढोढ़ीपारा सिविल ऑफिस के पास 8 लाख की लागत से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 56 में 20 लाख की लागत से लाटा मेन रोड स्थित मेडिकल स्टोर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 54 में 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य, सांस्कृतिक मंच एवं पेवर ब्लॉक कार्य, वार्ड क्रमांक 28 में 20 लाख की लागत से नगर निगम द्वारा निर्मित महाराणा प्रताप सभा भवन, राम जानकी मंदिर परिसर सामुदायिक भवन के ऊपरी तल का निर्माण एवं अन्य विस्तार कार्य, वार्ड क्रमांक 4 में 15 लाख रुपए की लागत से राताखार टॉवर मोहल्ला गणेश चौक के पास अन्य विस्तार सामुदायिक भवन निर्माण एवं अन्य विस्तार कार्य, वार्ड क्रमांक 35 में 25 लाख से कबीर आश्रम रिसदी के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 52 में 10 लाख की लागत से हनुमान मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 32 में 10 लाख की लागत से ज्योति कलश कक्ष, सेड निर्माण एवं प्रसाधन निर्माण, वार्ड क्रमांक 54 बरेडीमुड़ा महंत मोहल्ला, कबीर चौरा के पास बाउंड्री वॉल एवं शेड निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 47, 50, 38, 66 एवं 40 में 47 लाख की लागत से सार्वजनिक मंच व नाली निर्माण कार्य किये जाएंगे।

**आज करेंगे 21 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन**

**कटघोरा।** श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन 2 मार्च को जिले के विकास को नई गति देने के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे श्री अग्रसेन गौसेवा समिति कनबेरी के पास आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कुल 21.35 करोड़ रुपये की स्वीकृत राशि से 8 नग वृहद पुलों और सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी जाएगी। स्वीकृत कार्यों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 20.92 करोड़ रुपये की लागत से 8 महत्वपूर्ण वृहद पुलों का निर्माण शामिल है। इसमें रामपुर विधानसभा के कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत लेमरू-देवपहरी रोड, डोकरमना मेन रोड, बगबुड़ा रोड, बताती-बांसाखार मार्ग और पतरापाली-धानकछार मार्ग पर स्थित विभिन्न नालों जैसे गौमुखी, चिंगराडांड, गड़गड़ा, कोटमसरा और पेंसारी नाला पर पुलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पालीतानाखार विधानसभा के पोड़ीउपरोड़ा विकासखण्ड में कटघोरा-अंबिकापुर रोड से बहरीझरिया मार्ग के कोठीझुंझा नाला पर भी एक वृहद पुल का निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी लागत 278.72 लाख रुपये है। ग्रामीण अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना के अंतर्गत कटघोरा विधानसभा के कटघोरा विकासखण्ड में पंचराम घर से हीरालाल घर की ओर 5 सौ मीटर लंबी सीसी सड़क सह नाली निर्माण का कार्य भी किया जाएगा, जिसकी स्वीकृत राशि 42 लाख 95 हजार रुपये निर्धारित है। इन सभी निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से जिले के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और विशेष रूप से वर्षा ऋतु में होने वाली संपर्क की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

### ट्रैक पार करते समय चालक आया मालगाड़ी की चपेट में

**कोरबा।** सर्वमंगला फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक ट्रक चालक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक की पहचान बरमपुर निवासी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, युवक फाटक के पास खदान से सटे रास्ते से रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, तभी वह अचानक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे के बाद वह खून से लथपथ गंभीर हालत में पड़ा था। फाटक पर तैनात गेटमैन ने घायल युवक को देखा और तुरंत इसकी सूचना सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को अपने वाहन से जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। सर्वमंगला चौकी प्रभारी विभव तिवारी ने बताया कि इस हादसे में युवक का दाहिना पैर कट गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। युवक अभी बोलने की स्थिति में नहीं है, इसलिए यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसने आत्महत्या के इरादे से मालगाड़ी के सामने छलांग लगाई थी या यह एक दुर्घटना थी।

# कटघोरा नपा अध्यक्ष ने नगर में एडीएम एएसपी की पदस्थापना की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कटघोरा में अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थापना सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश का अब तक क्रियान्वयन नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


राज जायसवाल

**खास बात**
- अध्यक्ष श्री जायसवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा पत्र

मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में श्री जायसवाल ने उल्लेख किया है कि लगभग चार वर्ष पूर्व कटघोरा में प्रशासनिक कार्यों के बेहतर संचालन के लिए एडीएम और एएसपी की पदस्थापना का निर्णय लिया गया था। इसके बावजूद वर्तमान में दोनों अधिकारी जिला मुख्यालय में बैठकर कार्य कर रहे हैं, जिससे कटघोरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों का समय और धन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं तथा अनावश्यक परेशानी बढ़ रही है। प्रशासन द्वारा भवन उपलब्ध न होने का कारण बताया जाता है, जबकि स्थानीय स्तर पर कार्यालय संचालन के लिए उपयुक्त भवन मौजूद हैं। श्री जायसवाल ने यह भी कहा कि अधिकारियों की स्थानीय स्तर पर उपस्थिति से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, शिकायतों का शीघ्र निराकरण होगा तथा क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

**न्यायालयः प्रियंका अग्रवाल पंचम जिला न्यायाधीश, जांजगीर**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
प्रोसेस क्रमांक 31/26
सि.अ.क्र. 109 अ/2024
पेशी तिथि 16.03.2026
संतोष कुमार वगैरह...अपीलार्थीगण **विरूद्ध**
दरसराम यादव वगैरह....उत्तरवादीगण

अपीलार्थी गनपत राम के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष वि.सि.अ. क्रमांक 18/2024 प्रस्तुत किया है। जिसमे उत्तरवादी क्रमांक 08 दूजबाई यादव पिता स्व. कुटुल उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम कटौद तह. शिवरीनारायण जिला-जांजगीर चांपा छ.ग. को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि पेशी तारीख 16/03/2026 को 10.30 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता जिसे प्रकरण की पूर्ण जानकारी हो, के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की कार्यवाही में भाग लेवे, उक्त दिनांक को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण की सुनवाई की जावेगी जिसकी जवाबदारी आप पर होगी।

यदि किसी कारणवश दिनोंक 16/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले दिवस में सुनवाई की जावेगी।


आज दिनांक 02/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांकः 02/03/2026
**(प्रियंका अग्रवाल)**
**पंचम जिला न्यायाधीश,**
**जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्रीय मंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के निर्देश पर एपस्टीन फाइल में हुए खुलासे को लेकर टीपी नगर चौक में शनिवार को जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया गया।



पुतला दहन करतीं महिला कांग्रेसी कार्यकर्ता।

जिला महिला कांग्रेस के शहर अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम एपस्टीन फाईल में आना एक गंभीर मसला है, ऐसे में केन्द्रीय मंत्री पुरी को अपने पद से अपने आप इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हे नैतिक रूप से पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। महिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रभा तंवर ने कहा कि इस मामले पर प्रधानमंत्री अपनी चुप्पी तोड़े और केंद्रीय मंत्री से जवाबदेही की मांग करें। ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि वर्ष 2014 से 2017 के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के बीच 62 बार ई मेल का आदान प्रदान हुआ था। पुतला दहन कार्यक्रम को पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर, पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, पूर्व अध्यक्ष हरीश परसाई, शहर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर, एनएसयुआई अध्यक्ष मनमोहन राठौर, पूर्व अध्यक्ष सपना चौहान ने संबोधित किया। इस दौरान बसंत चंद्रा, पालुराम साहु, एडी जोशी, नारायण लाल कुर्रे, अविनाश प्रेमलता बंजारे, डॉ. गोपाल कुर्रे, बद्री किरण, रवि सिंह चंदेल, पुष्पा पात्रे, प्रवीण ओगरे, इब्राहिम, गिरधारी बरेठ, जगन्नाथ थवाईत, संतोष राठौर, राम दास महंत, प्रदीप सागर, रामकुमार राठौर आदि उपस्थित थे।

# मानव सेवा मिशन ने बालक छात्रावास के बच्चों के बीच बांटी होली की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होली पर्व के उपलक्ष्य में मानव सेवा मिशन बालको द्वारा संवर्धन बालक छात्रावास, बरपाली में निवासरत बच्चों के बीच पहुंचकर मिठाई, नमकीन एवं रंग-गुलाल वितरित कर त्यौहार की खुशियां साझा की गईं। इसके साथ ही छात्रावास के लिए आवश्यक राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। इस छात्रावास में कुल 15 बच्चे निवास करते हैं। इनमें से कई बच्चों के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है, जबकि कुछ बच्चों के अभिभावक आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनकी शिक्षा का संपूर्ण व्यय वहन करने में सक्षम नहीं हैं। राशन की आवश्यकता की सूचना मिलते ही मानव सेवा मिशन की टीम तत्परता के साथ बरपाली पहुंची और बच्चों के लिए सूखा राशन उपलब्ध कराया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनकी पढ़ाई, दैनिक दिनचर्या और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



## जय हिंद जय सिंध में महेश आएंगे नजर, रंगमंच पर भी करेंगे वापसी

**मुंबई।** महेश मांजरेकर ने हिंदी फिल्मों में बतौर निर्देशक और अभिनेता अलग छाप छोड़ी है। जल्द ही उनका एक नया हिंदी नाटक 'एनिमल' दर्शकों को देखने को मिलेगा। वह काफी वक्त के बाद रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। इसके अलावा वह एक फिल्म 'जय हिंद जय सिंध' का भी हिस्सा हैं। बड़े पर्दे पर अभिनय और निर्देशन करने के अलावा महेश मांजरेकर की रंगमंच की दुनिया में भी सक्रिय रहे हैं। एक बार फिर से वह थिएटर निर्माता अश्विन गिडवानी के साथ काम कर रहे हैं। इस बार एक हिंदी नाटक 'एनिमल' के साथ महेश रंगमंच पर वापसी कर रहे हैं। कई साल बाद दोनों साथ काम कर रहे हैं, इससे पहले दोनों नए नाटक 'डबल डील' किया था।

लाइफ Style


# आलिया

## ताना मारने वालों को दिया करारा जवाब

आलिया भट्ट ने हाल ही बाफ्टा में एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उनके एक्सप्रेशंस का खूब मजाक उड़ाया गया और आलोचना भी हुई। इस पर आलिया ने अब रिएक्ट किया है और एक्सप्रेशंस का मजाक उड़ाने वालों को जवाब दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया भट्ट हाल ही लंदन में आयोजित 79वें ब्रिटिश अकेडमी फिल्म अवाड्‌र्स में बतौर प्रेजेंटर शामिल हुई थीं। वहां आलिया ने हिंदी में स्पीच देकर सबका दिल जीत लिया था, लेकिन रेड कार्पेट पर एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने जो एक्सप्रेशंस दिए, उनके कारण एक्ट्रेस की भद भी पिटी। आलिया का खूब मजाक उड़ा। हाल ही आलिया जब मिलन फैशन वीक के एक इवेंट में शामिल हुईं और यहां बाफ्टा में हुई उस गड़बड़ के बारे में रिएक्ट किया, जिस पर लोगों ने उनका मजाक उड़ाया और ताने मारे। इस बारे में पूछे जाने आलिया भट्ट ने 'गुच्ची शो' के दौरान डाइट साब्या को जवाब दिया और समझाया कि पूरी सिचुएशन क्या थी। वह बोलीं, 'इस बारे में इतनी चर्चा क्यों हो रही है? क्या यह मेरे हावभाव की वजह से है? तो असल हुआ ये था कि मेरे हिसाब से यह ('गॉन गर्ल') सबसे बेहतरीन ट्विस्ट है, लेकिन मैंने इस फिल्म को नहीं देखा है। ये कब रिलीज हुई थी? 10 साल पहले? तो मैंने इसे उसके बाद नहीं देखा। तो जब वह उस मोनोलॉग की बात कर रही थीं, तो मैंने कहा कि हां, और मैं अपने दिमाग में दोहरा रही थी कि अरे हां, वो मोनोलॉग, बिल्कुल सही बिल्कुल सही।'



हॉलीवुड मसाला



## दोस्त के साथ मिलकर बनाए गाने

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर सिंगर और गीतकार नील सेडाका का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे। उनके शानदार गानों ने उन्हें रॉक एन रोल के शुरुआती वर्षों में उन्हें टॉप पर पहुंचा दिया। अपने गानों की वजह से वह 1970 के दशक में काफी मशहूर हुए। ब्रिल बिल्डिंग सॉन्गराइटिंग फैक्ट्री के सदस्य, सेडाका ने लिरिसिस्ट हॉवर्ड ग्रीनफील्ड के साथ मिलकर ऐसे गाने बनाए जो 1950 के दशक के आखिर से 1960 के दशक की शुरुआत तक काफी मशहूर हुए।




## ईरान के लोगों के लिए बयां किया था दर्द...

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट इस वक्त जंग बिगुल बजा हुआ है, अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला है। इस जंग में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो चुकी है। इसी बीच हाल ही में ईरान की रहने वाली एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने ईरान के लोगों पर किए गए जुल्मों पर अपना दर्द बयां किया था। एलनाज नोरौजी ने भारत का जिक्र करते हुए कहा था कि ईरान उतना ही डाइवर्स था, जितना भारत है। मगर एक रात सब बदल गया। एलनाज ने वीडियो में कहा था, आज कल्पना करें भारत। इतना डाइवर्स, इतना जिंदादिल, अलग-अलग धर्म, अलग-अलग भाषाएँ, अलग-अलग तरह के जीवन, सब एक साथ रहते हैं- हिंदू, ईसाई, मुस्लिम, सिख, जैन, पारसी।



## वेब सीरीज हेल्लो बच्चों का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** विनीत कुमार सिंह स्टारर आगामी वेब सीरीज 'हेल्लो बच्चों' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह शो शिक्षक अलख पांडे और उनकी टीचिंग से प्रभावित छात्रों से प्रेरित है। यह शो अलग-अलग पृष्ठभूमियों के उन छात्रों की कहानी बताता है, जो अपने सपनों को एक ऐसे शिक्षक के समर्थन से पूरा करते हैं जो उन पर विश्वास करता है। 2 मिनट 21 सेकंड के इस ट्रेलर में दिखाया जाता है कि कैसे एक छोटे से क्लास रूम से शुरू हुआ यह सफर धीरे-धीरे शहरों और छोटे कस्बों के छात्रों तक पहुंचा। सीरीज में पांच छात्रों की कहानी दिखाई गई है। जो व्यक्तिगत और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहा है, दूसरा ऐसे दबाव का सामना कर रहा है जिससे उसकी पढ़ाई रुक सकती है, जबकि तीसरा अपने परिवार का सहारा बनने के लिए क्रिकेट में अपने इंटरेस्ट को छोड़ देता है।



## शुभांगी को मिला उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार

**मुंबई।** अनुपम खेर द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त को इस फिल्म में बेहतरीन परफॉर्मेंस के लिए 'उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इसी खुशी में इस फिल्म के निर्माता और निर्देशक अनुपम खेर ने शुभांगी के लिए एक खास पोस्ट सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर अपना प्यार जताया है और साथ ही अभिनेत्री की प्रशंसा की है। अनुपम खेर ने अपनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की मुख्य अभिनेत्री शुभांगी दत्त के साथ कुछ खास तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अुनपम ने शुभांगी को अपनी निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए अवॉर्ड मिलने पर खुशी जताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है। अनुपम ने इन तस्वीरो के साथ लिखा, 'प्यारी शुभांगी, बहुत बढ़िया काम के लिए पुरस्कार।'

टीवी मसाला



## अदिति की टीवी में एंट्री 'ये है मोहब्बतें' से स्टारडम

**नई दिल्ली।** साल 2004 में अदिति भाटिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखे। उनका पहला टीवी शो 'होम स्वीट होम' था। इसके बाद वह 'घर की लक्ष्मी बेटियां', 'तुझ संग प्रीत लगाई सजना' और 'टशन-ए-इश्क' में दिखीं, लेकिन छोटे पर्दे पर पॉपुलैरिटी 'ये है मोहब्बतें' से मिली। बहुत से फैंस अदिति भाटिया को आज भी रूही भल्ला के किरदार से याद करते हैं। अदिति भाटिया ने कुछ रियलिटी शोज भी किए, जिनमें 'खतरा खतरा खतरा', 'कॉमेडी सर्कस' और 'कॉमेडी नाइट्स बजाओ ताजा' जैसे नाम शामिल हैं। अदिति भाटिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें पहला विज्ञापन 5 महीने की उम्र में मिला था। तब वह पैरेंट्स के साथ एक मॉल में थीं। वहां एक डायरेक्टर ने बेबी अदिति को देखा और पैरेंट्स को उनका पोर्टफोलियो बनवाने की सलाह दी। अदिति ने बताया था कि उनका पूरा बचपन सेट पर बीता। स्कूल खत्म होने के बाद वह सेट पर पहुंच जातीं और वहीं खेलती थीं। अदिति भाटिया ने बताया था कि उनकी मॉम चाहती थीं कि वह इंजीनियर बनें, पर बचपन से ही उन्हें हीरोइन बनने का शौक था। लेकिन परिवार खिलाफ था, तो उन्हें एक्टिंग में आने के लिए थोड़ा विद्रोह करना पड़ा। अदिति भाटिया को फिर 'ये है मोहब्बतें' सीरियल मिला और वह छा गईं। 'द केरल स्टोरी 2' के कलेक्शन की बात करें, तो शुक्रवार, 27 फरवरी को देर रात रिलीज होने के बाद इसने अभी तक दो दिनों में 5.4 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि इसे सीमित शोज पर ही रिलीज किया गया है। ओपनिंग डे की तुलना में 'द केरल स्टोरी 2' ने दूसरे दिन 520% ज्यादा कमाई की।

### ममता लाफ्टर शेफ्स 3 के सेट पर

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' दर्शकों का पसंदीदा शो है। इसके पिछले दो सीजन को इतना प्यार मिला कि मेकर्स पुराने कंटेस्टेंट्स के साथ इसे सीजन दर सीजन आगे बढ़ा रहे हैं। बीते एपिसोड में जहां दिग्गज शेफ संजीव कपूर आए थे। वहीं 28 फरवरी और 1 मार्च के एपिसोड में सभी होली के रंग में रंगे दिखाई देंगे। हालांकि, नए एपिसोड की शूटिंग भी हुई, जहां पर हर कोई रेट्रो लुक में दिखाई दिया। कोई 'वास्तव' वाला संजय दत्त बना तो कोई 'करण-अर्जुन।' वहीं, माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाए और लाला साड़ी के साथ सोने के गहने पहने ममता कुलकर्णी भी पहुंची। उन्होंने बातचीत में कहा, 'मैं बहुत एक्साइटेड हूं। मैं 25 साल बाद टीवी पर आ रही हूं। यहां तक की अगर आपने नोटिस किया हो तो मैं अपनी लाइफ के 25 सालों में कभी भी टीवी पर नहीं आई। एक अच्छा मौका है। हंसने का मौका मिलता है। हम लोग बहुत गंभीर हो गए हैं। जिंदगी बहुत गंभीर हो गई है।



## विजय-रश्मिका का प्यार होगा गहरा सामंथा-राज पर चढ़ेगा इश्क का खुमार

*नई दिल्ली। होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, प्यार का रंग भी इस उत्सव के साथ गहरा हो जाता है। खासकर शादी के बाद जब कपल्स पहली होली मनाते हैं तो उनके लिए यह दिन यादगार बन जाता है। इस साल कई सेलिब्रिटी कपल्स भी शादी के बाद पहली होली मनाएंगे। कुछ इसी गाने की तर्ज पर हाथों में अबीर और गुलाल लिए अपनी सजनी को साजन रंग लाएंगे। सजनी भी 'मुझे रंग दो' की धुन पर थिरकती दिख जाएंगी। कुछ ऐसा ही नजारा बॉलीवुड से लेकर साउथ सेलिब्रिटीज के घर-आंगन में होली के दिन देखने को मिल सकता है। इस साल रश्मिका और विजय देवरकोंडा से लेकर नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन तक शादी के बाद अपनी पहली होली साथ मनाएंगे। इस लिस्ट में कई और जोड़े भी शामिल हैं, जानिए किन-किन सेलिब्रिटीज कपल्स पर चढ़ेगा होली का रंग।*



***श्रीवल्ली बन रश्मिका लगाएंगी विजय पर रंग*** : 26 फरवरी को विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना शादी के बंधन में बंध गए। इस कपल्स की शादी की तस्वीरों पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया। शादी-शुदा जोड़े के तौर पर पर रश्मिका और विजय अपनी पहली होली भी मनाएंगे। दोनों की होली की तस्वीरों का फैंस को बेसब्री से इंतजार है।

***सामंथा के बलम 'राज' चलाएंगे पिचकारी*** : साउथ फिल्मों की चर्चित एक्ट्रेस सामंथा रूथ और डायरेक्टर राज निदिमोरु ने भी पिछले साल दिसंबर में शादी की। यह बतौर कपल उनकी पहली होली होगी। रश्मिका की जिंदगी में राज ढेर सारी खुशियां लेकर आए हैं तो होली भी उनके लिए खास होगी। सामंथा पर भी राज के प्यार का रंग इस होली खूब चढ़ने वाला है।

**स्टेबिन बेन की 'साहिबा' बनकर नूपुर झूमेंगी** : जनवरी महीने में कृति सेनन की बहन और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने सिंगर स्टेबिन बेन संग साथ फेर लिए हैं। इस कपल की शादी भी खूब चर्चा में रही। 'साहिबा' जैसे हिट सॉन्ग गाने वाले सिंगर स्टेबिन बेन नूपुर सेनन के साथ शादी के बाद पहली होली खलेंगे। कृति सेनन भी इनके होली जश्न में शामिल हो सकती हैं।

## मुगल-ए-आजम को हिट करने में पांच राज्यों की लगी मेहनत...

**नई दिल्ली।** के. आसिफ की डायरेक्टेड और प्रोड्यूस्ड फिल्म 'मुगल-ए-आजम' के बनने की प्रक्रिया रिलीज से 16 साल पहले यानी 1944 में ही शुरू हुई थी। लेकिन सिनेमाघरों में इसे 1960 में उतारा गया था। करीब 1.5 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस किया था और सुपरहिट रही थी। पहले ये ब्लैक एंड व्हाइट रिलीज हुई थी लेकिन दोबारा रिलीड करने के लिए इसे कलर किया गया था और ऐसा करने वाली ये वर्ल्ड सिनेमा के इतिहास की पहली फीचर फिल्म बन गई थी। एडवांस **बुकिंग** के **लिए** लोग **शनिवार** से **ही** लाइन **में** लग **गए** थे, **जबकि** फिल्म **सोमवार** को **देखनी** थी। **लोग** लड़क **पर** सोते थे। और परिवार के दूसरे लोग उनके लिए खाना लेकर आते थे।

### 'मुगल-ए-आजम' में 5 राज्यों के कारीगरों की मेहनत

फिल्म में किरदारों के जो कपड़े थे, वो मामूली नहीं थे। बल्कि उसे सिलने के लिए दिल्ली से दर्जी आए थे। और सूरत से उन पर कढ़ाई करने वाले स्पेशलिस्ट बुलाए गए थे। इतना ही नहीं, जो सभी ने आभूषण पहने थे, वो भी हैदराबाद के सुनार ने और मुकुट कोल्हापुर के कारीगरों ने तैयार किए थे। साथ ही जो भी हथियार आपने फिल्म में देखे हैं, वो सब राजस्थान के लोहारों ने बनाए थे और आगरा से सभी के जूते मंगवाए गए थे।



### 10 लाख में शूट हुआ 'प्यार किया तो डरना क्या'

इस फिल्म के गाने भी मशहूर हुए थे। 'प्यार किया तो डरना क्या' बहुत पसंद किया गया था। यहां तक कि आज भी ये बजता है तो लोगों के पांव थिरकने लगते हैं। मगर क्या आप जानते हैं कि इसकी शूटिंग में ही 10 लाख रुपये का खर्च आया था और इसे गीतकार शकील बदायुनी ने एक-दो बार नहीं, बल्कि पूरे 105 बार लिखा था। क्योंकि उसमें बार-बार बदलाव किए जा रहे थे। फिर अंत में म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने हरी झंडी दिखाई थी। और मोहन स्टूडियो में लाहौर किले के शीश महल की रेप्लिका के रूप में बने एक सेट पर फिल्माया गया था। जिसे फिरोजाबाद के कारीगरों ने तैयार किया था और इसे बनने में दो साल लगे थे और इसकी लागत 15 लाख रुपये आई थी। वहीं, गाने की रिकॉर्डिंग लता मंगेशकर ने स्टूडियो के बाथरूम में की थी।

### कुछ गाने 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को करते हैं उजागर

## होली के उत्सव को रंगीन बनाते हैं बॉलीवुड के ये गाने

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के होली गीतों की खासियत यह है कि उनमें से कई हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित हैं , जिनमें पारंपरिक लोक धुनें पिरोई गई हैं और जिनके बोल त्योहार के चंचल, शरारती और आनंदमय सार को दर्शाते हैं। कुछ गीत रोमांस का जश्न मनाते हैं, तो कुछ 'बुरा ना मानो होली है' की शरारती भावना को उजागर करते हैं।*

### रंग बरसे-सिलसिला (1981)

अगर होली का कोई ऐसा गीत है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है, तो वह है 'रंग बरसे'। यह गीत परंपरा से ओतप्रोत है, जिसकी जड़ें ब्रज लोक धुन में हैं जो होली की चंचल भावना को बखूबी दर्शाती है। अमिताभ बच्चन की गहरी, मदहोश कर देने वाली आवाज और उनके पिता, कवि हरिवंश राय बच्चन द्वारा लिखे गए चंचल बोल मिलकर एक ऐसा गीत बनाते हैं जो चंचल और उत्सवपूर्ण दोनों है। भारतीय रागों में प्रशिक्षित शास्त्रीय संगीतकार शिव-हरि द्वारा रचित यह गीत एक कालातीत आकर्षण प्रदान करता है। यह होली का सर्वोत्कृष्ट गीत है- चाहे आप रंगों में सराबोर हों या ठंडाई पी रहे हों, यह गीत किसी भी होली पार्टी में कम से कम एक बार जरूर बजेगा!

### बलम पिचकारी-ये जवानी है दीवानी (2013)

'बलम पिचकारी' एक ऐसा गीत है जिसने बॉलीवुड के होली संगीत को आधुनिक रूप दिया है। यह गीत लोक संगीत से प्रेरित धुनों के साथ युवा ऊर्जा का बेहतरीन मिश्रण प्रस्तुत करता है। पारंपरिक होली गीतों के विपरीत, इसमें इलेक्ट्रॉनिक डांस बीट के साथ देसी धुनों का भी समावेश है, जिससे यह युवाओं के बीच तुरंत लोकप्रिय हो गया। फिल्म में इस गाने का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है- यह एक ऐसा मोड़ है जहाँ दोस्ती प्यार में बदल जाती है। इसका मनमोहक मुखड़ा और चुलबुले बोल इसे कॉलेज की होली पार्टियों में बेहद लोकप्रिय बनाते हैं, जिससे इसे आधुनिकता का स्पर्श मिलता है और साथ ही त्योहार का पारंपरिक आकर्षण भी बरकरार रहता है।




### होली के दिन-शोले (1975)

आर.डी. बर्मन भारतीय लोक संगीत को सिनेमाई भव्यता के साथ जोड़ने में माहिर थे, और होली के दिन इसका एक बेहतरीन उदाहरण है। यह गीत ढोल की थाप से शुरू होता है और देखते ही देखते एक ऊर्जावान लोक नृत्य में बदल जाता है। इस गीत की खासियत यह है कि इसमें एकजुटता पर जोर दिया गया है—यह रोमांस या व्यक्तिगत उत्सवों के बारे में नहीं है, बल्कि होली की सामुदायिक भावना के बारे में है। शोले के दृश्य इसे और भी सशक्त बनाते हैं, जिसमें ग्रामीण एक साथ आकर होली को एकता के त्योहार के रूप में मनाते हैं।

### मेरी मदद करो, चलो होली खेलते हैं-वक्त (2005)

अपने बेबाक और चंचल बोलों के लिए मशहूर यह गाना पारंपरिक होली गीतों से हटकर है। इसकी धुन आकर्षक, तेज रफ़्तार वाली और जोशीले नृत्य के लिए एकदम उपयुक्त है। सुनिधि चौहान की आवाज़ इसमें एक मजेदार और चुलबुलापन जोड़ती है, जिससे यह गाना अक्सर युवाओं के होली समारोहों में बजाया जाता है। हालांकि यह परंपरा में उतना गहराई से निहित नहीं है, लेकिन इसकी आकर्षक रचना और क्लब-शैली की धुनें इसे एक ऐसा गीत बनाती हैं जो कानों में गूंजता रहता है।

### जय जय शिवशंकर-युद्ध (2019)

हाल के बॉलीवुड इतिहास के सबसे ऊर्जावान होली गीतों में से एक, 'जय जय शिवशंकर' डांस बीट्स और हिंदुस्तानी संगीत तत्वों का एक ज़बरदस्त मिश्रण है। इस गाने में बॉलीवुड के दो बेहतरीन डांसर, ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ, तालमेलपूर्ण नृत्य और चमकीले रंगों के शानदार संयोजन में नजर आते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसका संबंध भगवान शिव से है, क्योंकि "शिवशंकर" उस देवता को संदर्भित करता है जो विनाश और नशा (होली के दौरान भांग पीना) दोनों से जुड़े हैं। गाने की धुनें यह सुनिश्चित करती हैं कि यह किसी भी होली पार्टी में डांस फ्लोर पर धूम मचा दे।

खबर संक्षेप

## फैमिली मेडिसिन में मृत्युंजय ने प्राप्त किया विशेषज्ञता



**मालखरौदा।** क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर द्वारा संचालित फैमिली मेडिसिन के दो वर्षीय ब्लेंडेड लर्निंग पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मृत्युंजय राठौर को फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रदान किया गया है। यह पाठ्यक्रम सीएमसी वेल्लोर के डिस्टेंस एजुकेशन यूनिट द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ के सहयोग से संचालित किया गया। डॉ. मृत्युंजय राठौर ने निर्धारित शैक्षणिक मापदंडों, प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन की सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करते हुए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। फरवरी 2026 में आयोजित औपचारिक प्रक्रिया के तहत उन्हें यह स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया गया। डॉ. मृत्युंजय राठौर की इस उपलब्धि से न केवल उनका व्यक्तिगत शैक्षणिक स्तर सुदृढ़ हुआ है, बल्कि इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के उपलब्धि पर ब्लॉक के जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह ने क्षेत्र के लिए गौरव बताते हुए फैमिली मेडिसिन विशेषज्ञता का लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलने की उम्मीद जताई है।

## भाजपा युवा मोर्चा सारागांव मंडल अध्यक्ष बने संजय

**देवरी-सारागांव।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आलोक पटेल ने वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की सहमति से युवा मोर्चा का गठन किया गया है।



इसमें संजय कुमार साहू उपाध्यक्ष साहू समाज सरहर परिक्षेत्र निवासी ग्राम कुम्हारीकला को भाजपा युवा मोर्चा सारागांव के मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। संजय कुमार साहू ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है वह उनके सम्मान के साथ-साथ सेवा और समर्पण का अवसर है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति को राष्ट्रनिर्माण की धाराओं से जोड़ते हुए संगठन की नीतियों और विचारधारा को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे।

## भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य बने तन्मय साहू

**देवरी सारागांव।** भाजपा जिला जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की सहमति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।



जिसमें ग्राम पंचायत कड़ारी के तन्मय साहू को जिला कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किये जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। तन्मय ने कहा सगंठन ने जो विश्वास जताया है, उन पर खरा उतरते हुए जनसंपर्क कर युवाओं को भाजपा सरकार के उपलब्धियों की जानकारी देते हुए जोड़ने का काम करेंगे।

### जिला भाजपा कार्यालय में हुई किसान मोर्चा की जिला स्तरीय प्रथम बैठक

# केन्द्र व राज्य सरकार किसानों के हित में कर रही है अनेक अनुकरणीय कार्य : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



बैठक में मंचस्थ अतिथिगण।

भाजपा जिला कार्यालय जांजगीर में भाजपा किसान मोर्चा की जिला स्तरीय प्रथम बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये छ.ग. विधान सभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने कहा कि गांव, गरीब और किसान हमारी केन्द्र व छ.ग. सरकार के काम करने का मूल आधार है।

किसानों के हित में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में छ.ग. की राज्य सरकार काम कर रही है। हमारी दोनों सरकारों का लक्ष्य है कि प्रदेश व देश का किसान मजबूत व सशक्त हो, उनकी आय में वृद्धि हो, वे आधुनिक खेती की तरफ आगे बढे, अन्य फसलों के तरफ भी किसानों का रूझान हो, मिट्टी, मौसम व पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखकर व अपनी खेती में अधिक से अधिक पैदावार ले और किसान अधिक से अधिक समृद्ध हो यही हमारी केन्द्र व राज्य सरकार का उद्देश्य है। हमारी सारी अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। श्री चंदेल ने आगे कहा कि भारत सरकार के वीबीजी रामजी योजना जिससे गरीब आदमी को रोजगार उपलब्ध होगा, उनकी आय में बढ़ोत्तरी होगी इस योजना की माध्यम से ग्रामीण विकास को नई दिशा प्राप्त होगी इस योजना के सही उद्देश्य को हमें चौपाल के माध्यम से आम जनता को बताने की आवश्यकता है। हम सब लोग मिलकर ग्रामीण क्षेत्र में सम्पर्क व संवाद कर इस कार्यक्रम के सही उद्देश्य को जनता तक ले जाये। उन्होंने भारत सरकार व छ.ग. सरकार द्वारा किसानों के हित में उठाये गये क्रांतिकारी कदमों का स्वागत व अभिनंदन करते हुये देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व छ.ग. के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये अभार व्यक्त किया। श्री चंदेल ने किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की अधिक से अधिक किसानों को हम सब मिलकर भाजपा में जोड़े व भाजपा को और अधिक मजबूत व सशक्त बनाये। बैठक की अध्यक्षता भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर भापजा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता इंजी. रवि पाण्डेय, भाजपा किसाना मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष सुमित सिंह, भाजपा किसान मार्चा प्र.कार्यकारिणी विवेका गोपाल, शिशिर द्विवेदी, अनुराग तिवारी, आकाश यादव, मनीष सिंगसार्वा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री शिवचमन सिंह, उपाध्यक्ष राजू कश्यप, संतोष भेड़पाल, गौकरण पटेल, मंत्री गौरीशंकर कश्यप, गजेन्द्र सिंह, पुष्पराज त्रिपाठी, धनीराम कश्यप, कोषाध्यक्ष जगदीश बंजारे, तरूण राठौर, चेतन गोस्वामी, सतीश शर्मा, श्रीमती अंजनी राठौर, प्रभाकर तिवारी, सुशील सिंह, त्रिलोक सिंह, अनिल साहू, आकाश सिंह, अजय शुक्ला, कृष्णा बरेठ, पिंकल माली, अरविंद राठौर, रामकुमार कश्यप, संजय राठौर, उमाशंकर श्रीवास, दरसराम पटेल, सुनील कश्यप सहित बड़ी संख्या में भाजपा किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारीगण व कार्यकारणी सदस्यगण उपस्थित थे।



## अंधेरे से मिलेगी राहत: ओवरब्रिज पर शुरू हुआ स्ट्रीट लाइट मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- दो वर्षों से खराब पड़ी थी स्ट्रीट लाईट, शाम के समय अक्सर होती थी दुर्घटना

चांपा-बिर्रा फाटक ओवरब्रिज पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को नगर पालिका द्वारा चालू करा दिया गया है। जानकारी के अनुसार, ओवरब्रिज की लगभग 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें बीते दो वर्षों से खराब पड़ी थीं, जिससे शाम होते ही दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। सांसद प्रतिनिधि योगेश अग्रवाल के प्रयासों से नगर पालिका चांपा द्वारा लाइट लगाने एवं उनके मेंटेनेंस का कार्य शुरू कराया गया। पहले चरण में कोरबा रोड की ओर की स्ट्रीट लाइटें चालू कर दी गई हैं, जबकि बम्हनीडीह दिशा की लाइटों पर कार्य प्रगति पर है, जिन्हें शीघ्र ही चालू किया जाएगा। इस कार्य में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव का भी भरपूर सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाइटें बंद होने के कारण ओवरब्रिज पर आए दिन हादसे हो रहे थे। खंभों पर लाइटें लगी तो थीं, लेकिन वे जलती नहीं थीं। जिम्मेदारी को लेकर सेतु विभाग और लोक निर्माण विभाग के बीच असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। अब स्ट्रीट लाइटें चालू होने से ओवरब्रिज पर आवागमन सुरक्षित होने की उम्मीद जताई जा रही है और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया है।

## शहर में लगातार गिर रहा वाटर लेवल, पालिका अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से नहरों में छोड़ा गया पानी

**सक्ती।** फरवरी महीने में ही शक्ति शहर में भूजल स्तर लगातार नीचे जाने से पानी की समस्या उत्पन्न होने लगी है। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल के प्रयासों से शहर में पानी के बोर एवं वाटर सप्लाई को मेंटेन किया जा रहा है। बावजूद वाटर लेवल डाउन होने के चलते पानी के स्रोत जवाब देने लगे हैं। पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग से समन्वय बनाकर मिनीमाता हरदेव बांगो की नहरो के माध्यम से पानी छोड़ने का कार्य किया गया है।



नगर पालिका अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने नहरो के पानी से शहर के सभी प्रमुख तालाबों को जो की नहरो के पानी से भरा जा सकता है, इसके लिए पांच सदस्यीय पार्षदों की एक समिति का गठन किया है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा है कि यह पांच सदस्यीय समिति तालाबों में पानी भरने के लिए सारे संसाधन जुटाने का काम करेगी एवं पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी इस कार्य में सहयोग करेंगे। इस समिति को स्वतंत्र किया गया है। इस कार्य में जो भी व्यय होगा उसका तत्काल भुगतान किया जाएगा। इस पांच सदस्यीय समिति में वार्ड क्रमांक-2 के पार्षद राम सजीवन देवांगन, वार्ड क्रमांक- 3 के पार्षद लालू प्रधान, वार्ड क्रमांक- 10 के पार्षद हुलास देवांगन, वार्ड क्रमांक- 11 की पार्षद श्रीमती उर्मिला संजय कश्यप, वार्ड क्रमांक- 16 के पार्षद संतोष सोनी लाला शामिल है। पालिका अध्यक्ष ने शहर की जनता से अपील की है कि शहर में वाटर लेवल डाउन होने की स्थिति को देखते हुए पानी का हम सदुपयोग करें।

## मौसम के अनुरूप नई फसलों को अपनाएं किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह



कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को संबोधित करते जिला पंचायत उपाध्यक्ष।

- कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण और किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

जनपद पंचायत बम्हनीडीह के सभागार में कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं किसान सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर किसानों के हितों और कृषि विकास को बढ़ावा देने को लेकर कई महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख किया गया तथा सरकारी योजनाओं के लाभों की जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने अपने संबोधन में कहा कि किसान इस देश की असली शक्ति हैं। सरकार किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, बेहतर मार्केटिंग तथा कर्ज राहत जैसी सुविधाएं प्रदान कर रही है जिससे कृषि क्षेत्र में नई उम्मीदें जग रही हैं। उन्होंने किसानों से उच्च उत्पादन तथा मौसम के अनुरूप नई फसलों को अपनाने का आग्रह किया। मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी ने कहा कि कृषि केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है उन्होंने किसानों की मेहनत, त्याग और समर्पण को सराहा तथा कहा कि योजना के तहत मिलने वाली सहायता से किसान अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत कर पाएंगे। इस अवसर पर सरकार की कृषक उन्नति योजना के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित एसडीएम पवन कोसमा ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों के कल्याण हेतु लगातार कार्य कर रहा है और इस कार्यक्रम से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की गईं। तहसीलदार शशिभूषण सोनी तथा कृषि विभाग के सभी कर्मचारी किसानों को प्रमाणपत्र तथा श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बम्हनीडीह की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल जायसवाल, चेतन महंत, सोनू जायसवाल, विशाल सराफ, भूपेश तिवारी, जनपद के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि व नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अन्नदाताओं की कड़ी मेहनत का सम्मान किया गया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

## आकाश को मिला बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी का स्नातक प्रमाण पत्र

**बिर्रा।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के 2020 बैच के छात्रों का स्नातक समारोह पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज से सभी इंटर्न अपने नाम के आगे 'डॉक्टर' लगा सकते हैं। उन्होंने सभी नए डॉक्टरों से मरीजों का इलाज पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा निवासी डॉ. आकाश कुमार देवांगन पिता बलभद्र प्रसाद देवांगन को भी बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी का स्नातक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। आकाश देवांगन को यह उपाधि मिलने पर पिता बलभद्र देवांगन, माता श्रीमती गायत्री देवांगन सहित राजेश देवांगन और श्रीमती पिंकी देवांगन सहित ईस्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### निधन

## राजकुमार भैना

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत तुलसी के प्रतिष्ठित



नागरिक राजकुमार भैना का सोमवार 2 मार्च को निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, भाई, पुत्र-पुत्रियों सहित नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्यामें शामिल हुए।

## रामकुमार तिवारी

**जांजगीर-चांपा।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक



रामकुमार तिवारी का 1 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सायं 5 बजे भीमा तालाब मुक्तिधाम जांजगीर में किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे धर्म प्रकाश तिवारी, रागिनी, नलिनी, रजनी के पिता थे।

## होली पर्व मनाने ग्रामीण अंचल की महिलाएं घर-घर बना रहीं गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह




हर्बल गुलाल बनाती महिलाएं।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं इस समय होली पर्व के लिये घर घर हर्बल ग़ुलाल बना रहीं है। हर्बल गुलाल स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक दृष्टि से लाभकारी होता है।

नन्दौरखुर्द स्थित ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में बिहान की महिलाओ को पलाड़ीकला के एफएलसीआरपी पुष्पा साहू ने हर्बल ग़ुलाल बनाना सिखाई। पुष्पा साहू ने बताया कि हर्बल गुलाल प्राकृतिक फूलों, पत्तियों और औषधि पौधों से बनाया जाता है। यह रासायनिक रंगों की तुलना में सुरक्षित और स्वास्थ्य वर्धक होता है। बिहान समूह की महिलाओ के लिए एक अच्छा आजीविका का विकल्प हों सकता है। उन्होंने बताया कि हर्बल ग़ुलाल में हानिकारक केमिकल नहीं होते। जिससे आँखों और बालों के लिये कोई नुकसान नहीं है। पुष्पा साहू ने यह भी बताया कि यह औषधि गुणों से भरपूर होती है। चूंकि हर्बल ग़ुलाल बनाने में गेंदा फूल, गुलाब, नीम पत्ती, हल्दी और तुलसी का इस्तेमाल किया जाता है। जिसमें त्वचा के लिए लाभकारी एंटीसेप्टिक गुण, एंटी बैक्टरियल, एंटी फंगल और संक्रमण से बचाव के साथ साथ हल्दी त्वचा की सुरक्षा और चमक बढ़ाने में सहायक होता है।

नगरदा कलस्टर के पीआरपी लक्ष्मी साहू ने बताया कि उनके कलस्टर क्षेत्र में पलाड़ीकला और जर्वे दोनों गांव में बिहान एफएलसीआरपी पुष्पा साहू और राजकुमारी श्रीवास द्वारा अपने बिहान के क्रेडरो सक्रिय महिला, आरबीके, बैंक मित्र, बैंक सखी, क़ृषि सखी, पशु सखी को साथ लेकर स्व सहायता समूहों की महिलाओ द्वारा इस समय हर्बल ग़ुलाल बनाने का कारोबार शुरू किया। उन्होंने बताया कि पिछले साल की बजाय इस बार क्षेत्र में हर्बल ग़ुलाल की अधिक मांग हो रहीं है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

**सक्ती।** छीता पड़रिया जंगल जमीन में पिछले पच्चास वर्षों से काबिज और गरीबी रेखा से नीचे कि श्रेणी में जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति के ग्रामीण 6 मार्च शुकवार को वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी के कार्यालय के परिसर के बाहर काबिज जंगल जमीन के पट्टे सहित अन्य मांगों के लिए भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के बेनर के नीचे धरना देंगे।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा - राजा भाठा - लवसरा की बैठक पिछले दिनों राजा भाठा में संपन्न हुई, जिसमे ब्रांच के लगभग सभी सदस्यों के द्वारा गांव के पास ही के छीता पड़रिया जंगल जमीन के एक किनारे में पच्चास वर्षों से अधिक समय से काबिज रह कर खेती करते आ रहे हैं जिसमें एक फसल ले पाते हैं जिससे परिवार का गुजर बसर मुश्किल होता है। दूसरे फसल लेने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है न ही काबिज जंगल जमीन का पट्टा है चूंकि सभी सदस्य अनुसूचित जाति के हैं और लगातार पट्टे की मांग भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के साथ मिलकर करते आ रहे हैं, लेकिन किसी सरकार ने न ही किसी उच्चाधिकारी ने हमारी मांगों को अब तक संज्ञान में लिया है। इन्हीं सभी पक्षों पर बैठक में विस्तृत चर्चा किया गया और निर्णय लिया गया कि दो ढाई वर्ष पूर्व नए बने सक्ती जिले के वन विभाग के वर्तमान उच्च अधिकारी अनु विभागीय अधिकारी वन के कार्यालय के सामने 6 मार्च शुक्रवार को राजा भाठा लवसरा के साथी एक दिवसीय धरना देंगे तथा जिला परिषद सक्ती में 14 मार्च को होने वाले कार्यकर्ता बैठक में भी शामिल होंगे तथा सदस्यता नवीनीकर शीघ्र पूरा कराएंगे। बैठक में पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा, पार्टी के ब्रांच सचिव कन्हैया कुर्रे, निर्मल कुर्रे, श्याम लाल कुर्रे, आनंदराम कुर्रे, पंचम कुर्रे, सालिक मिरी, सुर्यो कुर्रे, साहिल कुर्रे, विवेक कुमार सोनल उपस्थित थे।




बैठक में उपस्थित कामरेड अनिल शर्मा व अन्य।

## बच्चों ने सरल एवं रोचक प्रयोग के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकास खण्ड के शालाओं में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया




विज्ञान मेला में मॉडल का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।

विकास खण्ड के सभी शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान मेले का सफल एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

नई शिक्षा नीति के अनुरूप आयोजित इस विज्ञान मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना तथा प्रयोगात्मक अधिगम के अवसर प्रदान करना रहा। इस अवसर पर विद्यालयों में बच्चों ने स्वयं विभिन्न वैज्ञानिक अवधारणाओं पर आधारित आकर्षक स्टॉल तैयार किए। प्रत्येक विद्यालय में औसतन 9 स्टॉल लगाए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने वर्षभर किए गए प्रयोगों की पुनरावृत्ति करते हुए अपनी समझ को प्रस्तुत किया। मेले में आए अन्य विद्यार्थियों को स्टॉल का भ्रमण करने, स्वयं प्रयोग करने तथा अपने अवलोकन साझा करने का अवसर प्रदान किया गया। विज्ञान मेले में लगाए गए प्रमुख स्टॉलों में अम्ल एवं क्षार की पहचान, चुंबकीय एवं अचुंबकीय वस्तुओं की पहचान, लंबाई एवं वजन का मापन, चालक एवं कुचालक की पहचान आदि विषय शामिल रहे। बच्चों ने सरल एवं रोचक प्रयोगों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सहज ढंग से समझाया, जिससे पीयर लर्निंग को भी बढ़ावा मिला। जिन बच्चों की अवधारणाएँ अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं थीं, उन्हें साथियों द्वारा समझाने और सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों तथा समुदाय के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान बीईओ देवकांत द्विवेदी एवं बीआरसीसी शैलेंद्र सिंह बैस, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी स्वाति राठौर, रत्नमाला सिंह ने भी विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों से संवाद किया, स्टॉलों पर गतिविधियाँ स्वयं करके देखीं तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सीखने का एक जीवंत उत्सव बताया।

